डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / स्था0 / 2023 / 18882 **दिनांकः** 08 मई, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान

विषयः संस्थान स्तर पर प्रतिदिन योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21 जून, 2023) की थीम ''मानवता के लिए योग'' (Yoga for Humanity) घोषित की गयी है। जनमानस के जागरूकता हेतु मा0 कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 01.05.2023 को सम्पन्न बैठक में योगाभ्यास के संबंध में निम्न सुझाव दिये गये हैं–

1. अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर संस्थान स्तर पर सभी छात्र / छात्राएं / शिक्षक एवं कर्मचारी दिनांक 21.06.2023 को शत–प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रहेगी तथा उपस्थित व्यक्तियों के लिए योगाभ्यास हेतु स्थान की व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित करें।
2. संस्थान स्तर पर योग क्लब की स्थापना की जाये ताकि जनमानस में योगाभ्यास की जागरूकता विकसित की जा सके।
3. संस्थान स्तर से गोद लिये गये गांव को जनमानस की जागरूकता हेतु अनिवार्य रूप से योगाभ्यास कराया जाये।
4. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व संस्थान स्तर पर दिनांक 27 मई, 2023 से दिनांक 21 जून, 2023 के मध्य एक माह का योग प्रशिक्षण संस्थान स्तर पर कराया जाये तथा योगाभ्यास प्रतियोगिता आयोजित कराकर व्यक्तियों को पुरस्कृत किया जाये।

अतः आपसे अपेक्षा है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए प्रतिदिन योगाभ्यास के संबंध में की गयी कार्यवाही की वीडियो एवं फोटो आदि का विवरण विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण की ई–मेल आई0डी0 **dean.sw@aktu.ac.in** पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(जी0 पी0 सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल / कुलाधिपति, राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0, लखनऊ।
2. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. निदेशक / प्राचार्य, आई0ई0टी, वास्तुकला एवं योजना संकाय, सेन्टर फार एडवांस्ड स्टडीज, लखनऊ एवं यू0पी0आई0डी0, नोएडा।
7. व्यवस्थाधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि विश्वविद्यालय स्तर पर भी उपरोक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
8. स्टाफ आफिसर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(जी0 पी0 सिंह)
कलसचिव